समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# बीकानेर मे देशनोक रेलवे स्टेशन का हुआ लोकार्पण, पीएम मोदी ने दी बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस की सौगात।

Publisher

Published on 22 May 2025



## प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी ने देशनोक रेलवे स्टेशन का किया लोकार्पण, बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी।

सवांदाता,बीकानेर,राजस्थान

**बीकानेर :** देश के विकास की नई इबारत लिखते हुए **प्रधानमंत्री श्री नरेद्रं मोदी** ने आज **राजस्थान के बीकानेर** जिले के **देशनोक रेलवे स्टेशन का उद्घाटन** किया। यह स्टेशन **अमृत भारत स्टेशन योजना** के तहत पुनर्विकसित किया गया है, जिससे न केवल यात्रियों को अ**त्याधुनिक सुविधाएं मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापार** और **पर्यटन** को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर **प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर-मुंबई एक्सप्रेस** ट्रेन को देशनोक रेलवे स्टेशन से **हरी झंडी दिखाकर रवाना** किया। यह ट्रेन राजस्थान को देश की **आर्थिक राजधानी मुंबई** से जोड़ेगी, जिससे क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

**बच्चों से संवाद और चित्रकला की सराहना**

उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद स्कूली बच्चों से संवाद किया और उनकी बनाई भारत माता पर आधारित पेंटिंग्स की भरपूर सराहना की। कार्यत्रम स्थल पर '**भारत माता की जय**' के नारों से माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

**शहीदों की स्मृति मे प्रंदर्शनी का अवलोकन**

प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित शहीदों की स्मृति में प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और वीर जवानों के बलिदान

को नमन किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य नई पीढ़ी को देशभक्ति और इतिहास से जोड़ना है।

**26 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास**

**प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर** की धरती से **₹26,000 करोड़ रुपये** की परियोजनाओं का **शिलान्यास** और **लोकार्पण** किया। साथ ही **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के जरिए देशभर में 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी किया।

इन गणमान्य नेताओं की रही उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में प्रधानमंत्री के साथ मौजूद रहे:

१. **राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा**

२. **रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव**

३. राजस्थान के रा**ज्यपाल श्री हरिभाऊ किशनराव बागड़े**

४. **केंद्रीय कानून मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल**

**सोशल मीडिया पर छाया कार्यक्रम**

सोशल मीडिया पर यह कार्यक्रम **#हर_घर_खुशहाली, #आपणो_अग्रणी_राजस्थान** और **#WelcomeModiJi** जैसे हैशटैग के साथ ट्रेंड कर रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.